**प्रेस विज्ञप्ति**

**लोक भवन, राँची**

**दिनांक : 20 अगस्त, 2026 :-**

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज लोक भवन में उद्योग संबंधी संसदीय समिति के अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद श्री तिरुचि शिवा, हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन (एचईसी), राँची के पुनरुद्धार संबंधी उपसमिति की संयोजक एवं लोकसभा सांसद श्री कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी सहित उपसमिति के सदस्य सांसद श्रीमती सुलता देव, डॉ. मल्लू रवि, श्री हसमुखभाई सोमाभाई पटेल एवं श्री चंदन चौहान ने शिष्टाचार भेंट की।

विदित हो कि उद्योग संबंधी संसदीय समिति के अध्यक्ष एवं उपसमिति की संयोजक तथा अन्य सदस्यगण हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन (एचईसी), राँची के पुनरुद्धार संबंधी विषयों का अध्ययन करने तथा एचईसी की वर्तमान स्थिति एवं पुनरुद्धार की संभावनाओं का अवलोकन करने के लिए झारखण्ड के दौरे पर आए हुए हैं।

इस अवसर पर राज्यपाल महोदय एवं समिति/उपसमिति के सदस्यों के मध्य एचईसी से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।

---